कैबिनेट ने कांताटोली फ्लाईओवर को मंज़ूरी दी

चर्चा में क्यों?

28 सितंबर, 2021 को राज्य मंत्रिमंडल ने 224.94 करोड़ रुपए की लागत से कोकर में योगदा सत्संग से शांतिनगर को जोड़ने वाले 2240 मीटर लंबे कांताटोली फ्लाईओवर के निर्माण के लिये मंज़ूरी दे दी।

प्रमुख बिंदु

- कैबिनेट सचिव वंदना डडेल ने बताया कि इस परियोजना का उद्देश्य राँची के कांताटोली क्षेत्र में **सड़क के बुनियादी ढाँचे में सुधार** करना है।
- राँची शहर के भीतर विभिन्न इलाकों को जोड़ने में **कांताटोली एक रणनीतिक बिंदु** है। यह **जमशेदपुर, हज़ारीबाग, पटना और क्षेत्र के अन्य महत्त्वपूर्ण शहरों की सड़क माध्यम से यात्रा करने वाले लोगों के लिये एक महत्त्वपूर्ण पारगमन बिंदु** है।
- इसके साथ ही कैबिनेट ने **चावल फोर्टिफिकेशन योजना** के तहत **फोर्टिफाइड चावल उपलब्ध कराने के लिये एक पायलट परियोजना** शुरू करने को भी मंज़ूरी दी।
- इसके अलावा कैबिनेट ने शहर के भीतर जलापूर्ति की प्रक्रिया को आसान बनाने के उद्देश्य से **शहरी जलापूर्ति सुधार परियोजना** के तहत कोडरमा ज़िले में **झुमरी तिलैया के लिये एक जलापूर्ति परियोजना को भी मंज़ूरी** दी।
- इसी तरह राज्य मंत्रिमंडल ने कांके में 113 करोड़ रुपए से अधिक के एक **ट्रांसपोर्ट नगर की स्थापना को अपनी मंज़ूरी** दी, जिसका उद्देश्य अन्य ज़िलों और राज्यों से प्रवेश करने वाले भारी ट्रकों को नो-एंट्री अवधि के दौरान पार्क करने और माल उतारने के लिये जगह प्रदान करना है **यह झारखंड का पहला परिवहन नगर होगा।**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/cabinet-approves-kantatoli-flyover